
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 5 वर्ष तक के 215979 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी

**बैठक**

## सघन पल्स पोलियो अभियान टीकाकरण कार्यक्रम की जिला टास्कफोर्स की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में डीएम शिविर कार्यालय में सघन पल्स पोलियो अभियान टीकाकरण कार्यक्रम की जिला टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पल्स पोलियो अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा व महसूस की गई कठिनाईयों को मध्यनजर रख आगामी अभियान 15 सितम्बर से सम्बन्धित कार्ययोजना और जनपद स्तर से विकासखण्ड स्तर पर सम्बन्धित कार्मिकों का समय और विभिन्न प्रबन्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उत्तम सिंह चौहान ने गत अभियान 16 जून 2019 की उपलब्धियों, सामने आयी कमजोरियों और आगामी 15 सितम्बर 2019 को बूथ दिवस और 16 से 21 सितम्बर 2019 तक घर–घर जाकर अभियान को सफल बनाने हेतु किये गये प्रयासों से सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में 0–5 वर्ष तक के कुल 215979 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि स्थिर बूथ, ट्रांजिट बूथ और मोबाइल बूथ सहित कुल 1248 बूथ स्थापित किये गये हैं, जिनके लिए 250 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये हैं तथा घर–घर जाकर ट्रांजिट टीम और मोबाइल टीम सहित कुल 986 टीमों के लिए 329 पर्यवेक्षक भी तैनात किये गये हैं। सदस्य नियुक्त किये गये है। उन्होंने कहा कि 15 सितम्बर को प्रत्येक बूथ पर बूथ दिवस के दिन 0–5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलायी जायेगी तथा 16 सितम्बर से 21 सितम्बर 2019 तक घर–घर जाकर दवा पिलायी जायेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थानीय अधिकारी डॉ विकास शर्मा ने पिछले अभियान में सामने आई मैनेजमैंट और संसाधन स्तर की कमियों गिनाई और उसे ठीक करने के सुझाव साझा किये। उन्होंने कहा कि नई कन्स्ट्रक्शन साईट्स, मलिन बस्तियों, सुरक्षाकर्मी तैनाती वाली कॉलोनियों में अधिकतर बच्चे, पोलियो दवा से वंचित रह जाते है, उन पर अधिक फोकस किया जाना चाहिए।



जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न क्षेत्रीय प्रभारी अधिकारियों को मिस्ड एरिया पर फोकस करते हुए शत–प्रतिशत् टीकाकरण करने के प्रयास के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई प्रकरण आता है वहां स्वयं जाकर बातचीत करें तथा स्लम कॉलोनियों में भी हर हाल में अन्दर प्रवेश करते हुए पल्स पोलियो की दवा बच्चों को पिलवायें।

इस सम्बन्ध में यदि स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग भी लेना पड़े तो अवगत करा दें, किन्तु किसी भी प्रकार से कोई बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने पाये। उन्होंने अपने अधीनस्थों और विभिन्न क्षेत्रों में जाने वाली टीमों के कार्यों की भी बराबर मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति बढाने के निर्देश दिये।

## न्यूज डायरी

### लोक निर्माण विभाग मुख्यालय को जर्जर व मियाद निकले पुलों की जानकारी नहीं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में विभिन्न पुल जर्जर हालत में है तथा विभिन्न पुलों की सुरक्षा मियाद निकल चुकी है लेकिन इसकी पूर्ण संख्या की सूचना लोक निर्माण विभाग मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं है। सूचना मांगने पर सूचना आवेदक नदीम उद्दीन को जनपदवार पुलों की संख्या की सूचना उपलब्ध कराते हुये विभाग के 65 लोक सूचना धिकारियों से जर्जर व मियाद निकले पुलों की सूचना लेने को कहा गया है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय/प्रमुख अभियंता कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से मियाद पूरी हो चुके, यातायात को असुरक्षित तथा जर्जर पुलों की जनपदवार संख्या की सूचना मांगी।

### हिन्दी पखवाड़े के तहत काव्य प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में हिन्दी पखवाड़े के तहत काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान की हिन्दी अधिकारी नीरज गांधी ने बताया हिन्दी पखवाडे में हिन्दी टिपपणी आलेखन प्रतियोगिता, हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण, आशुभाषण प्रतियोगिता, श्रुलेख प्रतियोगिताओं के साथ–2 आयोजित काव्य प्रतियोगिता में लल्लन सिंह, रामलायक, मदन सिंह क्षेत्री, रामबाबू, साजिद, बी0पी0 उपाध्याय, हरी सिंह, तथा सतेन्द्र कुमार ने अपनी काव्य रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। संस्थान के निदेशक प्रो0 नचिकेता राउत ने बताया कि हिन्दी पखवाडे को और अधिक रोचक बनाने के उद्देश्य से 12 सितम्बर को कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें देवभूमि उत्तराखण्ड के अनेक कवियों द्वारा काव्य पाठ कर सभी का ज्ञानवर्द्धन किया जायेगा।

### अमेजन ने केडीपी पेन टु पब्लिश कॉन्टेस्ट् के तीसरे संस्करण की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग (केडीपी) पेन टु पब्लिश कॉन्टेस्ट के तीसरे संस्करण की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता हिंदी, अंग्रेजी और तमिल में सभी विधाओं के लिए खुली है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लेखक अपनी मौलिक लिखित कहानी को जमा कर सकते हैं। उन्हें 15 सितंबर 2019 से 14 दिसंबर 2019 तक किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग के माध्यम से शॉर्ट–फॉर्मेट या लॉन्गं फॉर्मेट में अपनी प्रविष्टियां प्रकाशित करनी होंगी। इन प्रविष्टियों को उनकी रचनात्माकता, मौलिकता और लेखन की गुणवत्तां एवं ग्राहक फीडबैक के आधार पर जज किया जायेगा।

# उत्तरा पन्त पर हो सकती है कार्यवाही तो सीएम की पत्नी पर क्यों नहीं: मोर्चा

**संवाददाता**

- बिना अनुमति करोड़ों के भूखण्ड खरीदने का है मामला
- मोर्चा ने जून 2018 में की थी राजभवन से गुजारिश

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि मुख्यमन्त्री त्रिवेन्द्र रावत द्वारा जून 2018 में एक असहाय अध्यापिका उत्तरा पन्त बहुगुणा पर इसलिए कार्यवाही की थी कि वे बिना विभागीय अनुमति सी0एम0 दरबार में फरियाद लेकर पहुँची थी, जो कि उनके निलम्बन का करण बना। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमन्त्री की पत्नी सुनीता रावत द्वारा बिना विभागीय अनुमति के करोड़ों रूपये भूमि के भूखण्ड खरीदने के मामले में कोई कार्यवाही न होना दोहरा चरित्र दर्शाता है, उक्त भूखण्ड, ढैंचा बीज घोटाले से अर्जित काली कमाई से खरीदे गये थे।

मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि श्रीमती रावत, जो कि रायपुर ब्लॉक, देहरादून के विद्यालय में अध्यापिका हैं, ने वर्ष 2010 व 2012 में बिना अनुमति करोड़ों रूपये के भूखण्ड खरीद डाले थे, जिसको लेकर मोर्चा द्वारा 30.06.2018 को राजभवन को शिकायती पत्र प्रेषित किया था, जिसका संज्ञान लेकर राजभवन द्वारा दिनांक 17.07.2018 को उक्त मामले में कार्यवाही हेतु पत्र अपर मुख्य सचिव, मुख्यमन्त्री को प्रेषित किया गया।

उक्त के क्रम में निदेशक (प्रा0शि0) द्वारा दिनांक 29.10.2018 को जिला शिक्षा अधिकारी, देहरादून को कार्यवाही के निर्देश दिये, लेकिन कोई कार्यवाही आज तक नहीं हुई। नेगी ने कहा कि जीरो टोलरेंश की बड़ी–बड़ी बातें करने वाले मुख्यमन्त्री का अपनी पत्नी के मामले में जीरो टोलरेंश कहाँ चला गया। क्यों आज तक विभागीय कार्यवाही नहीं हुई। क्या सिर्फ मजलूमों, असहायों पर ही सरकार का चाबुक चलता है। मोर्चा उक्त मामले में न्यायालय में दस्तक देगा। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव आकाश पवार, दिलबाग सिंह, ओ0पी0 राणा, नरेन्द्र तोमर आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों को जीवन से जुड़ी और नेतृत्व संबंधी कुशलताएं सिखाने का उठाया बीड़ा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल के निजी स्कूल इस सिद्धांत को अपना कर और आगे बढ़कर काफी तेजी से एक उदाहरण स्थापित करना चाहते हैं कि जब बच्चों को सीखने की प्रक्रिया की कमान सौंपी जाती है तो वे काफी जल्दी सीखते हैं। काशीपुर में समर स्टडी हॉल और रुद्रपुर में आर.ए.एन पब्लिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने आई–इंपावर से साझेदारी की है जो वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2019 द्वारा "इनोवेशन इन होलिस्टिक एजुकेशन" अवॉर्ड की विजेता है और 13 से 17 वर्ष के आयु समूह के छात्रों को जीवन, मानसिकता और नेतृत्व संबंधी कुशलताएं सिखाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कंपनी है। आई–इंपावर का यह अनोखा कार्यक्रम कक्षा आठवीं और बाहरवीं के बीच के छात्रों के लिए दो वर्ष का ग्रेडेड पाठ्यक्रम है जिसका पूरा ध्यान अकादमिक, स्वास्थ्य, संबंधों और इच्छाओं समेत जीवन के हरेक पहलू में शानदार और यादगार सफलता पाने के लिहाज से उन्हें सशक्त बनाना है। आई–इंपावर के कार्यक्रमों में जीवन संबंधी कुशलताओं के लिए "द पावर ऑफ द टीन माइंड" और नेतृत्व कुशलताओं के लिए "द विक्टोरियस टीन" शामिल हैं।

## 5वें देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ



फिल्म फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर अतिथि।

**संवाददाता** देहरादून। तुलाज इंस्टिट्यूट ने आज 5वें देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन की मेजबानी की। इस समारोह में जाने–माने भारतीय बॉलीवुड अभिनेता गोविंद नामदेव और प्रियांशु चौटर्जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अनंत नारायण महादेवन द्वारा निर्देशित गौर हरि दास्तान, विकास गिरी द्वारा निर्देशित पसंद नापसंद, श्रीनिवास ओले द्वारा निर्देशित घरतरू रिवाइवल ऑफ वाटरमिल्स और शेखर दत्तात्री द्वारा निर्देशित द रेस टू सेव द अमूर फाल्कन की स्क्रीनिंग के साथ हुई।

# निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकताओं में खूनी संघर्ष

**छात्रसंघ चुनाव**

देहरादून। **संवाददाता**

छात्रसंघ चुनाव को लेकर माहौल गरमाता जा रहा है। डीएवी पीजी कॉलेज में एबीवीपी का बागी गुट रैली निकालने के लिए जमा हुआ था। लेकिन इस बीच एबीवीपी और युवा मोर्चा के नेताओं ने उनपर हमला बोल दिया, जिसके बाद उनके बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान कई छात्र नेत गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को आनन–फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर–बितर किया।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एनएसयूआइ समेत तमाम छात्र संगठन और निर्दलीय प्रत्याशी पूरे जोर–शोर से मैदान में डटे हुए हैं।



छात्र गुटों के बीच हुए संघर्ष में घायल छात्र।

शुक्रवार को चुनावी रैली के दौरान एबीवीपी और बागी गुट के बीच किसी बात को लेकर बहस छिड़ गई। फिर क्या था देखते ही देखते उनमें लाठी–डंडे चलने लगे। इसमें कई छात्रें के सिर फूट गए। संघर्ष की घटना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए घायल छात्रें को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि एबीवीपी अध्यक्ष पद के दावेदार सागर तोमर और बागी गुट से शुभम सिमल्टी और राहुल लारा को सिर में चोट लगी हैं।

इससे पूरे कॉलेज में तनाव का माहौल हो। फिलहाल, सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। डीएवी कॉलेज में अखल भारतीय विद्यार्थी परिषद में पिछले दो महीने से गुटबाजी चल रही है। डीएवी कालेज में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही यह पहली भिड़ंत हुई है।